# ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

भूखण्ड संख्या–01, नोलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा सिटी,
जनपद गौतमबुद्ध नगर।

पत्रांकः–ग्रे0नो0 / कार्मिक / एम–753 / 2024 / 7371

दिनाकः 27 / जनवरी / 2024

सेवा में,

विशेष कार्याधिकारी (सिस्टम),
ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण,
ग्रेटर नोएडा।

**विषयः– सेवानिवृत्त कार्मिकों को निश्चित् मानदेय पर प्राधिकरण में रखे जाने के संबंध में।**

महोदय

अवगत कराना है कि प्राधिकरण की 133वीं बोर्ड बैठक दिनांक 26.12.2023 के मद संख्या–133 / 12 में अनुमोदित प्रस्ताव के अनुपालन में ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में कार्यहित में रिक्त पदों के सापेक्ष यथा आवश्यकता महाप्रबंधक (सिविल) के 01 पद एवं उप महाप्रबंधक (सिविल) के 02 पद पर सेवानिवृत्त कार्मिक को एक निश्चित् अवधि के लिए निर्धारित मानदेय पर अनुबन्ध के आधार पर रखने हेतु दो समाचार पत्रों में विज्ञापन दिनांक 13.01.2024 को हिन्दुस्तान टाईम्स तथा दिनांक 15.01.2024 को दैनिक जागरण में (छायाप्रति संलग्न) प्रकाशित किये गये थे। उक्त विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर आवेदन आमंत्रित किए गए है।

उपर्युक्त विज्ञापन की तिथि 04.02.2024 तक बढ़ाए जाने के निर्देश प्राप्त हुए है। अतः कृपया उपरोक्तानुसार उक्त विज्ञापन में आवेदन करने की अन्तिम तिथि को दिनांक 04.02.2024 तक बढ़ाए जाने सम्बन्धी सूचना प्राधिकरण की वेबसाइट पर अविलम्ब अपलोड कराने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करना चाहें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

27/01/24

(कमलेश मणि चौधरी)
प्रबंधक (कार्मिक)

(2) दिनांक – 15/01/2024

दैनिक जागरण

# ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट नं0 – 1 सैक्टर के0पी0–4, ग्रेटर नोएडा सिटी, गौतमबुद्ध नगर – 201308,
उ0प्र0 वेबसाइट: www.greaternoidaauthority.in, ई–मेल: authority@gnida.in

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–4835/77–4–20–03 जीएन /20, दिनांक 01.01.2021, शासानदेश संख्या–852/77–4–20–03 जीएन/20, दिनांक 21.04.2021 एवं शासनादेश संख्या–2958/77–4–22–03जीएन/20, दिनांक 05.09.2022 के प्रावधानों के अन्तर्गत ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में कार्यहित में रिक्त पदों के सापेक्ष यथा आवश्यकता महाप्रबंधक (सिविल) के 01 पद एवं उप महाप्रबंधक (सिविल) के 02 पद पर सेवानिवृत्त अधिकारी को एक निश्चित् अवधि के लिए निर्धारित मानदेय पर अनुबन्ध के आधार पर रखे जाने के सम्बन्ध में।

1. महाप्रबंधक (सिविल) के 01 पद हेतु उ0प्र0 शासन की सेवा से अथवा शासकीय निगमों/प्राधिकरणों से मुख्य अभियन्ता (मैट्रिक्स लेवल–13, ग्रेड पे–8700) के पद से सेवानिवृत्त अथवा अभियन्त्रण संवर्ग में ग्रेड पे–8700 के पद पर न्यूनतम 05 वर्ष की अवधि का कार्य अनुभव रखने वाले सेवानिवृत्त अधिकारी मात्र आवेदन हेतु पात्र होंगे।
2. उप महाप्रबंधक (सिविल) के 02 पद हेतु उ0प्र0 शासन की सेवा से अथवा शासकीय निगमों/प्राधिकरणों से मुख्य अभियन्ता (मैट्रिक्स लेवल–12, ग्रेड पे–7600) के पद से सेवानिवृत्त अधिकारी मात्र आवेदन हेतु पात्र होंगे।
3. किसी भी दशा में 65 वर्ष से अधिक के अधिकारियों को अनुबन्ध पर नही रखा जायेगा।
4. सेवानिवृत्ति के पश्चात् पूर्णतः स्वस्थ सेवानिवृत्त कर्मी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. आवेदक को अपने सेवाकाल की अवधि में शासकीय कार्यों के गुणवत्ता के कारण सरकारी/शासकीय तथा अपने विभाग द्वारा कोई प्रशंसा पत्रिका/ऑनोरेरियम/ विशेष पदोन्नति प्रदान की गयी हो का प्रमाण पत्र है तो वह भी उपलब्ध कराया जायेगा।
6. आवेदन के साथ रू0 10/– के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि सेवानिवृत्ति से पूर्व के विगत 10 वर्षो में उनके विरूद्ध किसी भी जाँच/विभागीय कार्यवाही में दण्डात्मक कार्यवाही (वृहद दण्ड/ लघु दण्ड/सत्यानिष्ठा न प्रमाणित किया जाना) शासकीय अथवा विभागीय स्तर पर न हुई हो या दण्ड प्राप्त न किया गया हो।
7. सेवानिवृत्ति एवं आयु के संबंध में नियमानुसार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. समस्त सेवाभिलेखों की स्वतः प्रमाणित प्रतियाँ उपलब्ध करानी होगी।
9. कोई सगा–सम्बन्धी पूर्व से ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में स्थाई/अस्थाई/दैनिक वेतन/मानवशक्ति आपूर्तिदाता के माध्यम से किसी भी पद पर कार्यरत नही है का शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

उपरोक्त के संबंध में आवेदन पत्र का प्रारूप प्राधिकरण की वेबसांईट http://greaternoidaauthority.com से प्राप्त करते हुए आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर सम्बन्धित दस्तावेजों के साथ इस सार्वजनिक के प्रकाश की तिथि से 15 दिन के अन्दर विशेष कार्याधिकारी, कार्मिक, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के प्रशासनिक भवन प्लॉट नम्बर–1, नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा सिटी, जिला–गौतमबुद्धनगर स्थित कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

**विशेष कार्याधिकारी (कार्मिक)**
**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

① दिनांक – 13/01/2024
हिन्दुस्तान टाईम्स

# ग्रेटर नौएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

प्लॉट नं0 – 1 सेक्टर के0पी0–4, ग्रेटर नोएडा सिटी, गौतमबुद्ध नगर – 201308, उ0प्र0 वेबसाइट: www.greaternoidaauthority.in, ई–मेल: authority@gnida.in

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या–4835/77–4–20–03 जीएन /20, दिनांक 01.01.2021, शासानदेश संख्या–852/77–4–20–03 जीएन/20, दिनांक 21.04.2021 एवं शासनादेश संख्या–2958/77–4–22–03जीएन/20, दिनांक 05.09.2022 के प्रावधानों के अन्तर्गत ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में कार्यहित में रिक्त पदों के सापेक्ष यथा आवश्यकता महाप्रबंधक (सिविल) के 01 पद एवं उप महाप्रबंधक (सिविल) के 02 पद पर सेवानिवृत्त अधिकारी को एक निश्चित् अवधि के लिए निर्धारित मानदेय पर अनुबन्ध के आधार पर रखे जाने के सम्बन्ध में।

1. महाप्रबंधक (सिविल) के 01 पद हेतु उ0प्र0 शासन की सेवा से अथवा शासकीय निगमों/प्राधिकरणों से मुख्य अभियन्ता (मैट्रिक्स लेवल–13, ग्रेड पे–8700) के पद से सेवानिवृत्त अथवा अभियन्त्रण संवर्ग में ग्रेड पे–8700 के पद पर न्यूनतम 05 वर्ष की अवधि का कार्य अनुभव रखने वाले सेवानिवृत्त अधिकारी मात्र आवेदन हेतु पात्र होंगे।
2. उप महाप्रबंधक (सिविल) के 02 पद हेतु उ0प्र0 शासन की सेवा से अथवा शासकीय निगमों/प्राधिकरणों से मुख्य अभियन्ता (मैट्रिक्स लेवल–12, ग्रेड पे–7600) के पद से सेवानिवृत्त अधिकारी मात्र आवेदन हेतु पात्र होंगे।
3. किसी भी दशा में 65 वर्ष से अधिक के अधिकारियों को अनुबन्ध पर नही रखा जायेगा।
4. सेवानिवृत्ति के पश्चात् पूर्णतः स्वस्थ सेवानिवृत्त कर्मी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। इस संबंध में मुख्य चिकित्सा अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. आवेदक को अपने सेवाकाल की अवधि में शासकीय कार्यों के गुणवत्ता के कारण सरकारी/शासकीय तथा अपने विभाग द्वारा कोई प्रशंसा पत्रिका/ऑनोरेरियम/ विशेष पदोन्नति प्रदान की गयी हो का प्रमाण पत्र है तो वह भी उपलब्ध कराया जायेगा।
6. आवेदन के साथ रू0 10/– के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित इस आशय का शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा कि सेवानिवृत्ति से पूर्व के विगत 10 वर्षों में उनके विरूद्ध किसी भी जाँच/विभागीय कार्यवाही में दण्डात्मक कार्यवाही (वृहद दण्ड/ लघु दण्ड/सत्यानिष्ठा न प्रमाणित किया जाना) शासकीय अथवा विभागीय स्तर पर न हुई हो या दण्ड प्राप्त न किया गया हो।
7. सेवानिवृत्ति एवं आयु के संबंध में नियमानुसार प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. समस्त सेवाभिलेखों की स्वतः प्रमाणित प्रतियाँ उपलब्ध करानी होगी।
9. कोई सगा–सम्बन्धी पूर्व से ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण में स्थाई/अस्थाई/दैनिक वेतन/मानवशक्ति आपूर्तिदाता के माध्यम से किसी भी पद पर कार्यरत नही है का शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा।

उपरोक्त के संबंध में आवेदन पत्र का प्रारूप प्राधिकरण की वेबसाईट http://greaternoidaauthority.com से प्राप्त करते हुए आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर सम्बन्धित दस्तावेजों के साथ इस सार्वजनिक के प्रकाश की तिथि से 15 दिन के अन्दर विशेष कार्याधिकारी, कार्मिक, ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण के प्रशासनिक भवन प्लॉट नम्बर–1, नॉलेज पार्क–4, ग्रेटर नोएडा सिटी, जिला–गौतमबुद्धनगर स्थित कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

विशेष कार्याधिकारी (कार्मिक)
ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

Follow Us on /OfficialGNIDA